अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई, 10 हजार 580 रुपए की मदिरा जब्त

जावरा एवं आलोट क्षेत्र में तीन प्रकरण दर्ज

रतलाम। कलेक्टर अजय कटेसरिया के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त विकास मंडलोई के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 5 सितंबर को जावरा एवं आलोट क्षेत्र में संयुक्त टीम द्वारा दबिश एवं तलाशी अभियान चलाया गया।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी पी.सी. केरवार, एस.एन. सिंगनाथ एवं मनोहर खरे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा जावरा 'ब' एवं आलोट 'अ' वृत्त के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम आक्यादेह में आरोपी बद्रीलाल पिता सुखराम की दुकान से 45 पाव प्लेन मदिरा एवं 10 पाव मसाला मदिरा जब्त की गई।

इसी प्रकार ग्राम बागुनिया में आरोपी प्रदुम पिता नेपाल सिंह के घर से 14 माउंट बीयर केन, 12 पाव प्लेन एवं 15 पाव मसाला मदिरा तथा ग्राम आलोट में आरोपी मांगीलाल उर्फ टायसन पिता वर्दीचंद के घर से 20 पाव मसाला मदिरा जब्त की गई। आबकारी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में कुल तीन प्रकरण आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत पंजीबद्ध किए गए हैं। जब्त मदिरा का कुल अनुमानित मूल्य 10 हजार 580 रुपए है।

कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक सचिन भास्करे, पुष्पराज सिंह चौहान, अभिषेक वाईकर, अर्पित पाण्डे एवं संतोष मंडलोई सहित मुख्य आरक्षक रामचरण पंवार, प्रहलाद सिंह राठौर, बनसिंह अहरे, ममता निनामा, भावना खोड़े, विक्टोरिया बोरासी तथा आरक्षक पुष्पा मीणा, मनोज वर्षी एवं वरुण चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन, भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रखने की बात कही गई है।

15 लाख की एमडी ड्रग्स और कार के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार

महू-नीमच फोरलेन पर ढोढर में हुई घेराबंदी, इंदौर, बड़वानी और खरगोन के हैं सभी आरोपी

रतलाम/ढोढर/ जावरा। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ढोढर चौकी क्षेत्र में महू-नीमच फोरलेन पर घेराबंदी कर 100 ग्राम एमडी (मेफेड्रोन) ड्रग्स के साथ 5 तस्करों को गिरफ्तार किया है।

जब्त की गई ड्रग्स और तस्करी में इस्तेमाल ईको कार की कुल अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) विवेक कुमार लाल और जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। ढोढर चौकी प्रभारी उनि. रघुवीर जोशी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ईको कार

(स्क09ङ्ग7430) में कुछ लोग एमडी ड्रग्स लेकर जा रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर 3 सितंबर को पुलिस टीम ने महू-नीमच फोरलेन पर सर्किट हाउस के सामने घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका।

गिरफ्तार आरोपि

पकड़े गए आरोपियों में फारूख (33) निवासी बलकवाड़ा जिला खरगोन, अरबाज (26) निवासी राऊ इंदौर, साहिल (25) निवासी चोइथराम मंडी इंदौर, इमरान (24) निवासी अंजड़ जिला बड़वानी और शाहरूख (32) निवासी अंजड़ जिला बड़वानी शामिल हैं।

तलाशी में मिला 10 लाख का नशा

वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से 100 ग्राम एमडी. ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने ड्रग्स और 5 लाख रुपये कीमत की ईको कार को जब्त कर वाहन सवार पांचों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

सप्लाई नेटवर्क खंगाल रही पुलिस

पुलिस अब इन पांचों आरोपियों से सघन पूछताछ कर रही है ताकि ड्रग्स के मुख्य सप्लायर, खरीददारों और इनके पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा सके। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की तैयारी है।

हेल्पलाइन ने बचाया यात्री का 9500 का सामान, दाहोद आरपीएफने भाई को सौंपा ट्रॉली बैग

रतलाम। ट्रेन में यात्री का ट्रॉली बैग छूटने के बाद रेलवे हेल्पलाइन पर मिली शिकायत ने सामान को सुरक्षित वापस पहुंचा दिया। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में दाहोद रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट की टीम ने ट्रेन के बी-4 कोच की बर्थ नंबर 9 से बैग उतरवाया और सत्यापन के बाद उसे महिला यात्री के भाई को सौंप दिया। बैग में रखे सामान सहित इसकी अनुमानित कीमत 9500 रुपए बताई गई है।

मामला 1 सितंबर का है। गाड़ी संख्या 12955 में हेल्पलाइन शिकायत मिलने पर आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक संजय सिंह ने बी-4 कोच की बर्थ नंबर 9 से ट्रॉली बैग उतारा। पूछताछ और सत्यापन में बैग महिला यात्री सुहानी शाह का होना सामने आया। अगले दिन 2 सितंबर को सुहानी शाह के भाई तपन शाह, निवासी ओल्ड पदरा रोड, बड़ौदा, गुजरात, बैग लेने दाहोद आरपीएफ पोस्ट पहुंचे। उप निरीक्षक भीम सिंह ने आवश्यक पुष्टि और नियमानुसार

कार्रवाई पूरी करने के बाद पंचों के समक्ष सुहानी शाह की सहमति से बैग उनके भाई को सौंप दिया।

जिला दिव्यांग छात्रावास में धूम-धाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

पिपलोदा। जिला दिव्यांग छात्रावास पिपलोदा में शासन के निर्देशानुसार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर भाजपा अध्यक्ष प्रवीणसिंह राठौर, मंडल महामंत्री भंवरगिरी गोस्वामी, युवा मोर्चा के लीपेश राठौर एवंअशोक नागर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं आरती कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों एवं जीवन-दर्शन पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर दिव्यांग छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया। मटकी फोड़ कार्यक्रम के विजेता को 651 का पुरस्कार प्रदान किया गया।

एक नजर में

भाविप ने मुस्लिम मातृशक्ति को भेंट किया तुलसी पौधा

जावरा। हमारा देश जात-पात और समाज में भेदभाव को मिटाने के लिए अतुलनीय उदाहरण देने में कभी पीछे नहीं रहता। इसी भावना को चरितार्थ करते हुए भारत विकास परिषद (भाविप) शाखा जावरा ने शहर में सामाजिक समरसता और सद्भाव की एक अनूठी मिसाल पेश की है। संस्था द्वारा आयोजित तुलसी पौधा वितरण कार्यक्रम के माध्यम से समाज को आपसी एकता का एक सकारात्मक संदेश दिया गया। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष शेखर नाहर ने कहा कि संस्था सदैव यह प्रयास करती है कि समाज में सद्भाव और समरसता बनी रहे। इसी उद्देश्य के तहत संस्था की महिला प्रमुख रितु सिसोदिया और अन्य सदस्याओं—मोनिका जोशी, श्वेता अरोड़ा व चित्रा अरोड़ा ने सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में एक मुस्लिम महिला को तुलसी का पौधा भेंट किया। इस पहल पर संस्था और उसकी समस्त मातृशक्ति स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही है। सामाजिक कार्यों की इसी श्रृंखला को आगे बड़ाते हुए संस्था के सचिव गोपाल सेठिया और कोषाध्यक्ष निलेश जोशी ने बताया कि जल्द ही स्वास्थ्य प्रकल्प के अंतर्गत शहर के कई विद्यालयों में एनीमिया जांच के लिए विशेष कैंप लगाए जाएंगे।

टेबल टेनिस में क्रिस्टी और आस्था का राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयन

जावरा। आगर मालवा में आयोजित मध्यक्षेत्र टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर कश्मीरी गली, जावरा के विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, नगर और क्षेत्र का मान बड़ाया है। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय की दो छात्राओं का चयन राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा के लिए हुआ है। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में जावरा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का परिचय दिया। बाल वर्ग (बहनों) की टीम ने शानदार खेलते हुए प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस विजेता टीम में अर्पिता धनगर, कनिका परमार, आस्था धनगर और क्रिस्टी धाकड़ शामिल थीं। वहीं, बाल वर्ग (भैया) की टीम में देवांश कसानिया, भव्य जैन, कमल व्यास, मारुति परमार और रियांश मेहता ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। लखनऊ में होने वाली अखिल भारतीय स्पर्धा में लेंगी भाग अपने प्रभावशाली और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर क्रिस्टी धाकड़ और आस्था धनगर का चयन आगामी 20 से 24 सितंबर 2026 तक लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए किया गया है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में भाग लेना खिलाड़ियों के साथ-साथ समूचे नगर और विद्यालय परिवार के लिए एक बड़ी और गर्व की उपलब्धि है। समिति और विद्यालय परिवार ने दी बधाई-विद्यार्थियों की इस गौरवमयी उपलब्धि पर विवेक भारती शिक्षण समिति के अध्यक्ष अजीत चत्तर, उपाध्यक्ष राधेश्याम पोरवाल, सचिव तन्मय सोनी, सहसचिव लोकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष शीतल चौरड़िया, प्रधानाचार्य शीला जैन और खेल शिक्षक विजय बैरागी सहित समस्त समिति एवं विद्यालय परिवार ने आगामी राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों का सम्मान

ढोढर। शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढोढर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों का प्राचार्य श्रीमती आरती सिसोदिया द्वारा सम्मान किया। प्राचार्य ने शिक्षकों की मेहनत, समर्पण एवं विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर सरपंच श्री जगदीश जी माली द्वारा प्राचार्य श्रीमती आरती सिसोदिया का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। वहीं विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने सभी गुरुजनों का सम्मान किया।

शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

रतलाम। शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में शनिवार को महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. माणिक डांगे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा 5 सितंबर पर शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन प्राचार्य के द्वारा छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए उनके उज्जवल भविष्य मैं आगे बढ़ाने के लिए आशीष प्रदान किया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और छात्राएं उमंग, उत्साह एवं अनुशासन में रहकर बहुत अधिक संख्या में उपस्थिति रही।

जेपीएस में शिक्षकों के रैम्प वॉक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

जावरा। गुरु वह दीप है, जो स्वयं प्रकाशमान रहकर दूसरों के जीवन को रोशन करता है। इसी भाव को आत्मसात करते हुए जावरा पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। समारोह में जावरा पब्लिक स्कूल, जेपीएस किड्स (चौपाटी) एवं जेपीएस किड्स (रंगरेज गली) के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एक साथ सहभागिता कर इस विशेष दिन को यादगार बनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर कमल मूणत एवं प्राचार्य डॉ. पीयूष मूणत द्वारा माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह का सबसे आकर्षक चरण शिक्षकों का विशेष रैम्प वॉक रहा। विभिन्न गीतों की धुनों पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी शैली और आत्मविश्वास का

सच्चे मार्गदर्शक के प्रति रखें सम्मान का भाव

समारोह को संबोधित करते हुए डायरेक्टर कमल मूणत ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देना है। विद्यार्थियों को शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

शानदार प्रदर्शन किया। शिक्षकों के इस अंदाज ने विद्यार्थियों में भी जबरदस्त उत्साह भर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरुजनों को गुलाब के फूल और आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड भेंट कर शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य डॉ. पीयूष मूणत ने गुरु की महत्ता बताते हुए भगवान श्रीकृष्ण का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह जगतगुरु श्रीकृष्ण ने महाभारत के कठिन समय में अर्जुन को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी, उसी तरह हर शिक्षक को अपने अंदर श्रीकृष्ण और बच्चों में अर्जुन को देखना चाहिए। एक अच्छा शिक्षक ही विद्यार्थी के भविष्य को नई दिशा दे सकता है।

गेम्स, नृत्य और केक कटिंग के साथ समापन

समारोह में शिक्षकों के लिए विभिन्न मनोरंजक गेम्स और मजेदार गतिविधियां आयोजित की गई, जिससे आयोजन में हंसी और उमंग का माहौल बन गया। विद्यार्थियों ने समूह नृत्य और संगीतमय प्रस्तुति देकर अपने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

विधायक ने रणायरा मंदिर व शेड निर्माण के लिए 5 लाख देने की घोषणा

सुखेड़ा। क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडेय ने सुखेड़ा मंडल अंतर्गत विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जहां शोक संतप्त परिवारों से मिलकर संवेदना व्यक्त की, वहीं ग्राम रणायरा में आयोजित धार्मिक आयोजन में भाग लेकर क्षेत्र के विकास के लिए 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।

विधायक सबसे पहले ग्राम रीछादेवड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने स्व. रामनारायण पाटीदार के निधन पर उनके निवास जाकर शोक व्यक्त किया। इसके बाद वे ग्राम सेमलिया पहुंचे और स्व. दिलीप सिंह चन्द्रावत

के असामयिक निधन पर शोक बैठक में शामिल हुए। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। शोक बैठकों के बाद डॉ. पांडेय ग्राम रणायरा पहुंचे। यहां राम जानकी मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में सम्मिलित होकर उन्होंने व्यासपीठ का पूजन किया और धर्मलाभ लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों की मांग व जनभावनाओं का सम्मान करते हुए विधायक ने राम जानकी मंदिर निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रुपये तथा मंदिर परिसर में टीन शेड निर्माण के लिए 3 लाख रुपये (कुल 5 लाख रुपये) विधायक निधि से देने की घोषणा की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रितेश जैन सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

शिक्षक दिवस समारोह आयोजित

जावरा। शिक्षक समाज और राष्ट्र का निर्माता होता है, जिसके बिना एक सुसंस्कृत जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमारी भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान भगवान से भी ऊपर माना गया है। किसी इंजीनियर की गलती से केवल एक भवन खराब हो सकता है, कुम्हार की गलती से एक मटका खराब होता है, लेकिन यदि एक शिक्षक से गलती हो जाए, तो पूरी की पूरी पीढ़ी ही खराब हो जाती है। वर्तमान परिदृश्य में जब शिक्षकों के सामने कई नई चुनौतियां खड़ी हैं, तब समाज निर्माण में उनकी भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। यह प्रेरक विचार स्थानीय माधवानंद एकेडमी में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह के मुख्य वक्ता राजेन्द्र श्रोत्रिय ने व्यक्त किए। आयोजन के दौरान विद्यालय प्रबंधन व विद्यार्थियों द्वारा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का आत्मीय सम्मान किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उक्त जानकारी विद्यालय के प्राचार्य मनीष शर्मा ने दी।

एक नजर में

जीव दया सोसाइटी में सुबह 7 से 11 बजे तक मिलेगी सुविधा, आमजन भी कर सकेंगे बेजुबानों की सेवा

बेसहारा श्वानों के लिए जेएसजी नवकार की अभिनव पहल, दूध गाड़ी का शुभारंभ

जावरा। जीवदया और मानव सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय जैन सोशल ग्रुप (जेएसजी) नवकार, ने सेवा कार्यों की श्रृंखला में एक और अभिनव पहल की है। संस्था द्वारा बेसहारा और अपाहिज श्वानों (कुत्तों) की क्षुधा शांत करने के लिए दूध गाड़ी योजना की शुरुआत की गई। इस अनूठी योजना का शुभारंभ दादावाड़ी स्थित जीव दया सोसाइटी परिसर में किया गया।

योजना के अंतर्गत जीव दया सोसाइटी के सामने प्रतिदिन सुबह 7 से 11 बजे तक दूध गाड़ी खड़ी रहेगी। इसका मुख्य उद्देश्य दादावाड़ी क्षेत्र के जरूरतमंद और अपाहिज श्वानों तक नियमित रूप से

आहार पहुंचाना है। आम नागरिक भी इस पुण्य कार्य से जुड़ सकते हैं। कोई भी व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से गाड़ी से दूध खरीदकर, वहां रखे बर्तनों में अपने हाथों से श्वानों को दूध पिला सकता है। संस्था ने बताया कि अब जीव दया सोसाइटी में एक ही स्थान पर पक्षियों के लिए दाना, गायों के लिए चारा और श्वानों के लिए दूध उपलब्ध है, जिससे लोग आसानी से एक ही छत के नीचे जीवदया कर सकते हैं।

संस्था चला रही है 36 सेवा प्रकल्प

ग्रुप अध्यक्ष आशीष कोठारी ने बताया कि जेएसजी नवकार की ओर से वर्तमान में जीवदया और मानव सेवा से जुड़ी 36 विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जो समाज के लिए अनुकरणीय हैं। ये सभी योजनाएं जीवदया प्रेमियों के अथक सहयोग से सफलतापूर्वक चल रही हैं। ग्रुप सदस्यों का मानना है कि जीवदया केवल एक कार्य नहीं, बल्कि प्रत्येक जीव के प्रति संवेदना और मानवता का भाव है।

इनकी रही उपस्थिति

संजय आंचलिया, पुनीत चोरड़िया, मनीष दसेड़ा, मनोज मेहता, अभिषेक बोरदिया, नरेंद्र काठेड, वीरेंद्र खेमसरा, दिनेश भंडारी, सुमित दसेड़ा, राजशेखर भंडारी, भावेश हरण, अंकित जैन, सुधीर कोचटा, शेखर जैन, अंकित भंडारी, राहुल जैन, मितेश धोका, राजेश लोढ़ा, लोकेश दसेड़ा और अभिषेक सकलेचा उपस्थित रहे। महिला सदस्यों में अरुणा कोठारी, पूजा दसेडा, प्रतिभा चोरडिया और निधि जैन सहित कई सदस्य मौजूद थे।